प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- जयपुर में चल रहे 12वें क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में आज जयपुर घोषणा पत्र जारी किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार पर बजट–पश्चात वेबिनार में भाग लेंगे।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाए कल से–सभी तैयारियां पूरी।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सर्द हवाएं चलने से तापमान में गिरावट–सर्दी का असर बढा।

......................

जयपुर में चल रहे 12वें क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में आज अंतिम दिन जयपुर घोषणा पत्र जारी किया जायेगा। इसमें फोरम आये तमाम सुझावों को शामिल किया जायेगा। इससे पहले कल रेफरेंस गाइड के तौर पर इंडिया सर्कुलर सूत्र, बिजनेस मॉडल्स एंड इकोनॉमिक असिस्टेंस फॉर म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्रोजेक्ट्स, टेलरिंग सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इन इंडिया की लॉन्चिंग की गई। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कथीकला और राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत की मौजूदगी में हुए सत्र में ये लॉन्चिंग की गई। इस दौरान श्रीनिवास कथीकला ने कहा कि पहले वेस्ट को सिर्फ डिस्पोजल करने पर फोकस करते थे, अब वेस्ट को हर स्टेज पर रिसोर्स के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि फोरम के सहभागियों की सहमति से जयपुर डिक्लेरेशन की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

......................

कल एक महत्वपूर्ण सत्र में केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत की सर्कुलर इकॉनोमी साल 2050 तक दो ट्रिलियन डॉलर से अधिक की हो सकती है। साथ ही करीब दस मिलियन नौकरियां पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे शहरीकरण बढ़ रहा है और रिसोर्स कंज्यूम किए जा रहे हैं, वह एक चुनौती है और वही संसाधन भी बन रहा है। क्योंकि पहले वेस्ट को सिर्फ डिस्पोजल करने पर फोकस करते थे, अब वेस्ट को हर स्टेज पर रिसोर्स के रूप में देखा जा रहा है।

......................

कल आयोजित हुए सत्र का एक प्रमुख आकर्षण स्वच्छ भारत मिशन एस बी एम वेस्ट टू वेल्थ पीएमएस पोर्टल का शुभारंभ था, जो एसबीएम के तहत विकसित एक अभिनव ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। पोर्टल को परियोजना निगरानी को बढ़ाने, डेटा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और संसाधन साझा करने की सुविधा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि वेस्ट टू वेल्थ के मिशन के व्यापक उद्देश्य का समर्थन किया जा सकें।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार पर बजट–पश्चात वेबिनार में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार सृजन सरकार के प्रमुख क्षेत्रों में से एक रहा है। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार ने नौकरियों में वृद्धि करने और रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए कई कदम उठाए हैं। वेबिनार, सरकार, उद्योग, शिक्षाविदों और नागरिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा और परिवर्तनकारी बजट घोषणाओं को प्रभावी परिणामों में बदलने के लिए चर्चाओं को प्रोत्साहित करेगा। वेबिनार में विचार–विमर्श का उद्देश्य टिकाऊ और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करना, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व

तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में काम करने वाले एक कुशल, स्वस्थ कार्यबल का निर्माण शामिल है।

....................

विधानसभा में आज जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और जल संसाधन और इंदिरा गांधी नहर विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। इससे पहले कल सदन में उच्च शिक्षा विभाग की 25 अरब 85 करोड़ रूपये से ज्यादा की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित हुई। अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक और आधुनिक शिक्षा प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार विकसित राजस्थान की दिशा में काम कर रही है। इसमें उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

....................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कल से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा के सफल और सुचारू संचालन के लिए 63 उडनदस्ते नियुक्त किये गये है। ये दस्ते परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर अनुशासन और गोपनीयता सुनिश्चित करेंगे। बोर्ड प्रशासन ने सभी उड़न दस्तों को निर्देश दिए हैं कि वे परीक्षा के दौरान उच्चतम सतर्कता और निष्पक्षता बरतें। कल बोर्ड सभागार में उड़न दस्तों के संयोजकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने संयोजकों को उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री शर्मा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष रूप से संपादित कराने में उड़न दस्तों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने उडनदस्तों को निर्देश दिये कि परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने, नकल पर नियंत्रण रखने के लिए वे सजग रहे।

....................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज झुंझुनूं के दौरे पर रहेंगे। वे जिले के सांगासी स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जाएंगे, जहां उपराष्ट्रपति बच्चों के साथ बातचीत करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी पहुंचने का कार्यक्रम है। वे नागरिक सहकारी बैंक के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

....................

होली के त्यौहार को देखते हुए प्रदेश में विभिन्न जिलों में हर्बल गुलाल को बढावा देने के लिए पहल की जा रही है। इसी कडी में दौसा जिला कलेक्टर ने राजीविका के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल के पैकेट्स का कल विमोचन किया। उन्होंने लोगों से सुरक्षित होली के मद्देनजर हर्बल गुलाल का उपयोग करने की अपील की। ऌ

....................

प्रदेश में अचानक मौसम में बदलाव आने और सर्द हवाएं चलने से ठण्ड का असर बढ गया है। कल शाम से राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर ठण्डी हवाएं चल रही है। इससे तापमान में गिरावट आई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि आगामी घंटों में सर्दी का असर और बढने की संभावना है।

....................

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। दुबई में खेले गए पहले सेमी फाइनल में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत को जीत के लिए 265 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में भारतीय टीम ने 48 ओवर 1 गेंद में 6 विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीत लिया। विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाये और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। आज दूसरे सेमीफाइनल में लाहौर में न्यूजीलैंड का

मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। जीतने वाली टीम का रविवार को फाइनल में भारत से मुकाबला होगा।

.....................